Work Productivity and Activity Impairment Questionnaire: General Health V1.0 (WPAI:GH)

निम्नलिखित प्रश्नों में आपकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आपके काम करने और नियमित गतिविधियों को करने की योग्यताा पर पड़ने वाले असर के बारे में पूछा गया है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से हमारा मतलब किसी भी शारीरिक या भावात्मक समस्या अथवा लक्षण से है। *कृपया बताये संकेत के अनुसार खाली स्थानों को भरें या किसी संख्या पर गोल घेरा लगायें।*

1. क्या आप वर्तमान में कोई नौकरी करते हैं (वेतन पर काम कर रहे हैं) _____ नहीं _____ हाँ
   अगर नहीं, तो "नहीं" पर निशान लगायें और प्रश्न 6 पर जायें।

अगले प्रश्न आज का दिन छोड़ कर, **पिछले सात दिनों** के बारे में हैं।

2. पिछले सात दिनों के दौरान, आप अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के कारण कितने घंटे काम नहीं कर पाये? *इनमें वे घंटे भी शामिल करें जिनमें आप अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के कारण काम पर नहीं गये, देरी से पहुँचे, जल्दी आ गये, आदि। इस अध्ययन में भाग लेने के कारण काम नहीं कर पाने वाले समय को शामिल नहीं करें।*

   ______घंटे

3. पिछले सात दिनों के दौरान, आप अवकाश, छुट्टियों, इस अध्ययन में भाग लेने के लिये कार्य से ली गयी छुट्टी जैसे किसी अन्य कारण से कितने घंटे काम नहीं कर पाये?

   ______ घंटे

4. पिछले सात दिनों के दौरान, आपने कितने घंटे वास्तव में काम किया?

   ______ घंटे (*अगर उत्तर "0"है, तो प्रश्न 6 पर जायें।*)

5. पिछले सात दिनों के दौरान, <u>काम करते हुए</u> आपकी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के कारण आपकी उत्पादकता पर कितना असर पड़ा?

उन दिनों के बारे में सोचें जिनमें आपकी सामर्थ्य की तुलना में आपके काम की मात्रा या उसका प्रकार सीमित रहा, जिन दिनों में आप उतना काम पूरा नहीं कर पाये जितना करना आप पसंद करते, या जिन दिनों में आप उतना ध्यानपूर्वक काम नहीं कर पाये जितना प्राय: आप करते हैं। अगर स्वास्थ्य समस्याओं ने आपके काम को केवल थोड़ा सा ही प्रभावित किया, तो छोटी संख्या चुनें। अगर स्वास्थ्य समस्याओं ने आपके काम को बहुत अधिक प्रभावित किया, तो बड़ी संख्या चुनें।

स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का मेरे काम पर कोई असर नहीं पड़ा।	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं ने मुझे काम करने से पूरी तरह से रोक दिया।

<u>किसी एक संख्या पर गोल घेरा लगायें</u>

6. पिछले सात दिनों के दौरान, आपकी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं ने, नौकरी के काम के अलावा, आपकी नियमित दैनिक गतिविधियों को करने की योग्यता को कितना प्रभावित किया?

नियमित गतिविधियों से, हमारा मतलब है आपके द्वारा प्राय: की जाने वाली गतिविधियां, जैसे कि घर का काम करना, खरीददारी, बच्चे की देखभाल, कसरत करना, पढ़ाई करना, आदि। उन अवसरों के बारे में सोचें जिन पर आपकी गतिविधियों की संख्या या उनका प्रकार आपकी सामर्थ्य की तुलना में सीमित रहा और जिन अवसरों पर आप गतिविधियों को उतना पूरा नहीं कर पाये जितना आप पसंद करते। अगर स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं ने आपकी गतिविधियों को केवल थोड़ा सा ही प्रभावित किया, तो छोटी संख्या चुनें। अगर स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं ने आपकी गतिविधियों को बहुत अधिक प्रभावित किया, तो बड़ी संख्या चुनें।

स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का मेरी दैनिक गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ा।	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं ने मुझे अपनी दैनिक गतिविधियां करने से पूरी तरह से रोक दिया।

<u>किसी एक संख्या पर गोल घेरा लगायें</u>